**समाज कार्य में स्नातक कार्यक्रम हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट, सत्र-जुलाई 2017 एवं जनवरी 2018**

**Project Report for the Students of B.S.W. (III Year) Session July 2017 and January 2018**

बी .एस. डब्ल्यू. तृतीय वर्ष कार्यक्रम के अनिवार्य भाग के रूप में सम्मिलित एस. डब्ल्यू.-18 पाठ्यक्रम जो की एक 'प्रोजेक्ट रिपोर्ट' है, सभी विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से पूरा करना अनिवार्य है प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों के अनुसार ही अपना प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा, अन्यथा यह विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं होगा तथा विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम समय से घोषित किया जाना संभव नहीं होगा विद्यार्थी निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपना प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर जमा कर सकते हैं-

1. **गैर सरकारी संस्था (एन.जी.ओ.)** के संरचनात्मक ढांचे तथा कार्यप्रणाली का अध्ययन
2. **स्वच्छ भारत अभियान** के प्रति सामाजिक जागरूकता का मूल्यांकन
3. **डिजीटल इंडिया अभियान** के प्रति ग्रामीण एवं कृषक समुदाय का दृष्टिकोण
4. **राजस्थान राज्य में भामाशाह योजना** के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
5. **राजस्थान राज्य में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना** के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
6. **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना** के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
7. **औद्योगिक संस्थान** में श्रमिकों की कार्य दशायों का अध्ययन
8. गन्दी बस्ती के निवासियों की स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रमुख समस्याओं का अध्ययन
9. **पर्यावरण संरक्षण** के प्रति युवा वर्ग में जागरूकता का अध्ययन
10. **राजस्थान की किसी एक जनजाति** के सामाजिक-आर्थिक विकास में भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के योगदान का अध्ययन
11. किसी ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत एक **स्वंय सहायता समूह (Self Help Group)** का अध्ययन: निर्धनता उन्मूलन अथवा महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में

प्रोजेक्ट कार्य का संक्षिप्त प्रस्ताव ( Brief Proposal) जमा करने की अंतिम तारीख- जनवरी सत्र हेतु 15 सितम्बर एवं जुलाई सत्र हेतु 15 अप्रैल है प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि जनवरी सत्र हेतु 15 नवम्बर एवं जुलाई सत्र हेतु 15 मई है।

**नोट- प्रोजेक्ट कार्य का संक्षिप्त प्रस्ताव ( Brief Proposal) विषय समन्वयक डॉ आलोक चौहान को निम्नानुसार ई मेल या डाक द्वारा प्रेषित करें-**

डॉ आलोक चौहान

कक्ष संख्या 607 संकाय विभाग

वर्धमान महावीर खुला विश्व विद्यालय

रावतभाटा रोड कोटा-324021

E-mail- achauhan@vmou.ac.in

**प्रोजेक्ट कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव के अनुमोदन के उपरांत ही विद्यार्थी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनायें। प्रोजेक्ट कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव के अनुमोदन से सम्बंधित सूचना विद्यार्थी के स्टूडेंट वन व्यू पर उपलब्ध होगी, विद्यार्थी विषय समन्वयक से ई मेल द्वारा भी सूचना प्राप्त कर सकते हैं।**

## प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश :-

1. सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट वर्क/शोध परियोजना कार्य के विषय का चयन करें |
2. तत्पश्चात विद्यार्थी उस विशेष क्षेत्र (गाँव , नगर, एन.जी.ओ., संस्थान, जनजाति, समुदाय, समूह, विशेष क्षेत्र इत्यादि) का चयन करे , जहाँ वह प्रोजेक्ट वर्क से सम्बंधित सभी क्षेत्रीय कार्य (field work) करेगा |
3. विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट वर्क/ शोध परियोजना कार्य का एक संक्षिप्त प्रस्ताव (Brief Proposal) विश्वविद्यालय के विषय संयोजक /शैक्षिक परामर्शदाता के अनुमोदन (approval) हेतु मेल अथवा डाक अथवा व्यक्तिगत(by hand) रूप से जमा करें | प्रोजेक्ट वर्क/ शोध परियोजना कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव (Brief Proposal) के अनुमोदन के बाद ही विद्यार्थी अपना प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करें |
4. विश्वविद्यालय के विषय संयोजक(coordinator) अथवा शैक्षिक परामर्शदाता का अनुमोदन (approval) नहीं होने पर आपका प्रोजेक्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय द्वारा अस्वीकार किया जा सकता है |
5. प्रत्येक विद्यार्थी से अपेक्षा की जाती है की वह अपना प्रोजेक्ट वर्क स्वयं करें|
6. विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित दशाओं में विद्यार्थी की प्रोजेक्ट रिपोर्ट/शोध परियोजना निरस्त किया जा सकता है :-
   - नकल किया हुआ प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने की स्थिति में |
   - किन्ही दो विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट रिपोर्ट का विषय एवं क्षेत्र (क्षेत्रीय कार्य) का एक समान पाए कने की स्थिति में |
   - एक विद्यार्थी का प्रोजेक्ट रिपोर्ट दूसरे विद्यार्थी द्वारा अनुवाद करके जमा करने की स्थिति में |
   - प्रोजेक्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लिए दिए गए विषयों तथा नियमों के अनुरूप नहीं होने की दशा में |
7. प्रोजेक्ट वर्क हेतु यदि परामर्श कक्षाओं का आयोजन किया जायगा तो इस सम्बंध में सूचना आपको विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अथवा क्षेत्रीय केंद्र द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी | विद्यार्थी से यह अपेक्षा की जाती है कि सप्ताह में दो दिन विश्वविद्यालय की वेबसाइट अवश्य देखें तथा स्वयं भी प्रोजेक्ट वर्क के सम्बंध में सूचनाओं के प्रति जागरूक रहे |
8. विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट की दो प्रतियाँ तैयार करें, जिसमे से एक विश्वविद्यालय हेतु तथा दूसरी विद्यार्थी अपने पास रखें |
9. प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट हिंदी भाषा में जमा करना है, परन्तु कोई विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा का चयन करना चाहता है तों वह ऐसा कर सकता है |
10. प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट हिंदी भाषा में kokila font, Font size-16 या kruti Dev010 Font size-14 तथा अंग्रेजी भाषा में Times New Roman, Font size-12 A4 साइज पेपर में केवल पेज के एक ओर ही टाईप होना चाहिए |
11. विद्यार्थी प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने से पूर्व प्रोजेक्ट रिपोर्ट में टाइपिंग, मात्रा या अन्य प्रकार की अशुद्धियों कों स्वयं जाँच कर सही कर लें | प्रोजेक्ट रिपोर्ट में पृष्ठ संख्या अवश्य अंकित होना चाहिए | प्रोजेक्ट रिपोर्ट 40 से 80 पेज का होना चाहिए |

12. प्रोजेक्ट रिपोर्ट के प्रथम पृष्ठ पर विद्यार्थी का नाम , स्कॉलर नंबर , सत्र, क्षेत्रीय केंद्र का नाम , विद्यार्थी का पूरा पता , फोन नंबर इत्यादि लिखा होना चाहिए, जिसका प्रारूप आगे संलग्न है, (संलग्न संख्या-1) |
13. प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट को फाईल के रूप में सॉफ्ट बाईडिंग करवाएँ|
14. प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव का कवर पेज प्रस्ताव के प्रथम पृष्ठ के रूप में सबसे आगे अवश्य संलग्न होना चाहिए| यह प्रारूप संलग्न संख्या-2 है, कृपया देख लें |
15. प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव का कवर पेज (संलग्न संख्या-2) की एक प्रति अथवा उसकी छायाप्रति प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ भी संलग्न होगी|

## प्रोजेक्ट का एक संक्षिप्त प्रस्ताव (Brief Proposal) हेतु आवश्यक दिशा निर्देश :-

विद्यार्थियों, आपके द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट संक्षिप्त प्रस्ताव, में आप अपने प्रोजेक्ट कार्य का संक्षिप्त परिचय होना चाहिए| यह 5 से 7 पेज का होना चाहिए, जिसमे प्रथम पृष्ठ इसका कवर पेज संलग्न संख्या-2 भी सम्मिलित है | यह आपके द्वारा किये जाने वाले कार्य की प्रत्यात्मक रुपरेखा (Conceptual Framework) होना चाहिए | आप अपने प्रोजेक्ट कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव कों निम्नलिखित प्रारूप तथा क्रम में लिखें :-

1. **शीर्षक का नाम तथा संक्षिप्त परिचय :-** शीर्षक का चयन आप अपनी रूचि, क्षमता एवं प्राप्त संसाधनों कों ध्यान में रख कर करें |
2. **उपकल्पना अथवा समस्या से सम्बंधित प्रश्नों का निर्माण :-** आप आपने विषय की आवश्यकतानुसार एक या दो उपकल्पना अथवा समस्या से सम्बंधित प्रश्नों का निर्माण कर सकते है|
3. **अध्ययन की उपयोगिता अथवा महत्व :-** अध्ययन की उपयोगिताके अंतर्गत आपको प्रोजेक्ट कार्य के विषय की सामाजिक कों उपयोगिता/महत्व का उल्लेख करना है |
4. **अध्ययन का उद्देश्य :-** इसके अंतर्गत आप अपने अध्ययन के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख करेंगे|
5. **अध्ययन का क्षेत्र :-** इसके अंतर्गत आप अपने अध्ययन के क्षेत्र का उल्लेख करेंगे , उदाहरणार्थ यदि आपके अध्ययन का क्षेत्र कोई ग्रामीण समुदाय, नगरीय समुदाय, जाती , जनजाति, एन.जी.ओ., औद्योगिक संस्था समूह, एक गन्दी बस्ती , एवं स्वयं सेवी संस्थान इत्यादि|
6. **अध्ययन की प्राविधि :-** इसके अंतर्गत आप अपने अध्ययन के तथ्यों कों प्राप्त करने की प्राविधि का उल्लेख करेंगे |

**(नोट : विद्यार्थी द्वारा चुने गये विषय के अनुसार यदि उस विषय में उपकल्पना या समस्या से सम्बंधित प्रश्नों या प्रश्न की आवश्यकता नहीं हो तों उसमे विद्यार्थी कों उपकल्पना या शोध प्रश्न लिखने के आवश्यकता नहीं है |)**

**प्रोजेक्ट का एक संक्षिप्त प्रस्ताव (Brief Proposal) जमा कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश-**

उपरोक्त प्रारूप के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव को 5-6 पेज में कृतिदेव या कोकिला फॉण्ट में टाईप करके उसकी soft copy की PDF file विषय समन्वयक डॉ आलोक चौहान के ई-मेल आई डी –achauhan@vmou.ac.in पर मेल करें अथवा इसकी Hard copy अग्रलिखित पते पर डाक द्वारा (by Post) अथवा व्यक्तिगत रूप से आ कर जमा करें- डॉ आलोक चौहान, कक्ष संख्या 607 मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, रावतभाटा रोड, कोटा-324021। प्रोजेक्ट कार्य प्रस्ताव की एक प्रति अपने पास रखें। इस प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्ताव के प्रथम पृष्ठ पर आप संलग्नक संख्या-2 भरकर अवश्य लगाये। विद्यार्थी के प्रोजेक्ट कार्य प्रस्ताव के अनुमोदन की सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट के स्टूडेंट वन व्यू पर प्राप्त होगी। जिस विद्यार्थी का प्रोजेक्ट कार्य प्रस्ताव सही समय से भेजने के बाद भी स्टूडेंट वन व्यू पर सूचना उपलब्ध न हो तो वो विषय समन्यवक डॉ आलोक चौहान के ई-मेल आई डी achauhan@vmou.ac.in पर अवश्य अंतिम तारीख से कम से कम एक माह पूर्व मेल या फोन करके अवश्य सूचित करें। विषय समन्वयक के अनुमोदन के बाद ही विद्यार्थी अपना प्रोजेक्ट कार्य जमा करेगा। विश्वविद्यालय के विषय समन्वयक के अनुमोदन के बिना किये गए प्रोजेक्ट कार्य को अस्वीकार किया जा सकता है-

**प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु प्रारूप एवं आवश्यक दिशा निर्देश-**

प्रत्येक विद्यार्थी का प्रोजेक्ट रिपोर्ट निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार जमा होना चाहिए-

- सर्वप्रथम मुख्य पृष्ठ प्रोजेक्ट रिपोर्ट के कवर पेज अर्थात संलग्न संख्या-1
- तत्पश्चात प्रोजेक्ट वर्क के संक्षिप्त प्रस्ताव के कवर पेज अर्थात संलग्न संख्या-2
- अनुमोदन सूची में अंकित विद्यार्थी के नाम के पृष्ठ की फोटोकॉपी
- तत्पश्चात विद्यार्थी का Declaration अर्थात संलग्न संख्या-3

उपरोक्त सभी संलग्नक प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा जमा कराये जाने वाले प्रोजेक्ट रिपोर्ट में अवश्य इसी क्रम में होनी चाहिए इसके बाद उसके प्रोजेक्ट रिपोर्ट का प्रारूप निम्नलिखित क्रम में होना चाहिए-

1. प्रस्तावना/:- इसमें प्रोजेक्ट के शीर्षक/अध्ययन समस्या का सामान्य तथा संक्षिप्त परिचय होना चाहिए शीर्षक/अध्ययन समस्या से सम्बंधित तथ्यों का विवरण, अवधारणा तथा परिभाषा का उल्लेख होना चाहिए। शीर्षक/अध्ययन समस्या के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्ष का उल्लेख होना चाहिए।

2. **अध्ययन से सम्बंधित उपकल्पना अथवा  समस्या से सम्बंधित प्रश्नों /Hypotheses or Statement of the Problem or Questions Related to Study:-** यदि विद्यार्थी के अध्ययन विषय के लिए आवश्यक हो तों अध्ययन से सम्बंधित उपकल्पना अथवा  समस्या से सम्बंधित प्रश्नों का उल्लेख होना चाहिए |
3. **अध्ययन के उद्देश्य/Objectives of the Study :-** इसमें आपके अध्ययन के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख होना चाहिए |
4. **अध्ययन का महत्व अथवा उपयुक्तता /Significance or Importance of the Study :-** इसमें आपके आपने  अध्ययन विषय के समसामयिक सामाजिक महत्व तथा उपयुक्तता का वर्णन करेंगे |
5. **साहित्य समीक्षा/ Review of Literature :-** इसमें आप आपने अध्ययन विषय से सम्बंधित द्वितीयक तथ्यों कों एकत्रित करने हेतु जिन विभिन्न माध्यमों उदाहरणस्वरुप- विभिन्न पुस्तकों, पत्रिकाओं , वेबसाइट, समाचार-पत्रों का उपयोग करते है, का उल्लेख होना चाहिए |
6. **अध्ययन प्रविधि/Study Method:-**  अध्ययन प्रविधि के अंतर्गत अध्ययन क्षेत्र/समग्र (Universe), निदर्श (Sampling), तथ्य संकलन के स्त्रोतों (Sources of Data Collection), इत्यादि का उल्लेख होना चाहिए |
7. **अध्ययन क्षेत्र/निदर्श/उत्तरदाताओं का संक्षिप्त विवरण/ Brief Profile Study Area/Sample/Respondents :-** यदि आप किसी एन.जी.ओ./ स्वयं सहायता समूह , औद्योगिक संस्थान/जनजाति से सम्बंधित अध्ययन कर रहे है तों उसका संक्षिप्त विवरण लिखें | इसके अंतर्गत आप जिन उत्तरदाताओं कों तथ्य संकलन हेतु आपने अध्ययन में सम्मिलित कर रहे है, उन उत्तरदाताओं के सामाजिक-आर्थिक पक्ष से सम्बंधित सभी प्रमुख विवरण लिखें |
8. **अध्ययन का विवरण तथा विश्लेक्षण/Interpretation and Analysis of the Study:-** इसके अंतर्गत आपके अध्ययन का विवरण तथा प्राप्त तथ्यों के विश्लेक्षण का उल्लेख होगा | इसमें उत्तरदाताओं की समस्याओं का वर्णन, समस्याओं के कारण , उनके निवारण हेतु किये जा रहे सरकारी एवं गैर सरकारी प्रयास सम्मिलित किये जायेंगे |
9. निष्कर्ष/Conclusion :- इसके अंतर्गत आपके सम्पूर्ण अध्ययन के महत्वपूर्ण तथा अंतिम तथ्यों कों निष्कर्ष के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए|
10. **सुझाव/ Suggestions:-** इसमें आपके द्वारा अध्ययन किये गये समस्या के समाधान हेतु अथवा अध्ययन विषय से सम्बंधित कोई अन्य सुझाव का उल्लेख होना चाहिए |
11. **सन्दर्भ ग्रन्थ सूची/Bibliography/References** :- इसके अंतर्गत आपको अपने प्रोजेक्ट वर्क में तथ्यों कों एकत्रित करने हेतु जिन पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, शोध-पत्रिका (Journals), वेबसाइट का उपयोग किया है उनका उल्लेख निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार Alphabetically होना चाहिए :

# BOOKS

**Format:**

Author's last name, first initial. (Publication Date). *Book title*, Additional Information. City of Publication: Publishing Company.

**Examples:**

Allen, T. (1974). *Vanishing Widlife of North America.* Washington DC: National Geographic Society.

# Magazine & Newspaper Articles

**Format:**

Author's last name, first initial. (Publication Date). Article title, Periodical title, Volume Number (Issue Number if available), inclusive pages.

**Examples:**

Harlow, H.F. (1983). Fundamentals for preparing Psychology Journal Articles. Journal of Comparative and Physiological Psychology, 55, 893-896.

Henry, W.A., III. (1990, April 9). Making the grade in today's schools. Time, 135, 28-31.

# Website or Webpage

## Format:

## Online Periodical:

Author's last name, (Publication Date). Article title, Periodical title, Volume Number, Retrieved month day, year, from full URL.

**Note:** When citing Internet sources, refer to the specific website document. If a document is undated, use "n.d." (for no date) immediately after the document title. Break a lengthy URL that goes to another line after a slash or before a period. Continually check your references to online documents. There is no period following a URL.

**Note:** If you cannot find some of this information, cite what is available.

**Examples:**

Devitt, T. (2001, August 2). Lightning injures four at music festival. *The Why?* Files. Retrieved January 23, 2002, from http://whyfiles.org/137lightning/index.html

Dove, R.(1998).Lady freedom among us. The Electronic Text Centre. Retrieved June 19, 1998, from Alderman Library, University of Virginia website:
http:// etext.lib.virginia.edu/subjects/afam. html

**प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश-**

**विद्यार्थी को अपना फाईनल प्रोजेक्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय को अग्रलिखित पते पर जमा करना है- परीक्षा नियंत्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, रावतभाटा रोड, कोटा-324021।** प्रोजेक्ट के संक्षिप्त प्रस्ताव के अनुमोदन सूची में विद्यार्थी का नाम अंकित होने तथा विद्यार्थी द्वारा अनुमोदन सूची में अपने नाम वाले पृष्ठ को फ़ाइनल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ संलग्न करने के उपरांत ही फाईनल प्रोजेक्ट रिपोर्ट परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, कोटा में स्वीकार किया जायेगा।

**आवश्यक नोट-जिन विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट रिपोर्ट अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होगा उनका परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहेगा।**

**(संलग्नक संख्या-1)**

**<u>प्रोजेक्ट रिपोर्ट के कवर पेज का प्रारूप</u>**

**प्रोजेक्ट रिपोर्ट का शीर्षक** ..........................................................................................

## वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

के समाज कार्य के स्नातकोत्तर (M.S.W.) कार्यक्रम
हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट (प्रश्न पत्र संख्या-09)

विद्यार्थी का नाम.............................................
स्कॉलर नंबर...................................................
सत्र एवं वर्ष....................................................
विद्यार्थी का पूरा पता. .....................................
....................................................................
मोब.नं...........................................................
ई-मेल आई डी.................................................

अध्ययन केंद्र.....................................................
क्षेत्रीय केंद्र.......................................................
जमा करने की तिथि ........................................

**(संलग्नक संख्या-2)**

**<u>प्रोजेक्ट रिपोर्ट के कवर पेज का प्रारूप</u>**

**प्रोजेक्ट वर्क का (प्रस्तावित) शीर्षक**.........................................................................

निम्नलिखित विवरण विद्यार्थी स्वयं भरें :-

विद्यार्थी का नाम..........................................

स्कॉलर नंबर..............................................

सत्र एवं वर्ष...............................................

विद्यार्थी का पूरा पता. ...................................

...............................................................

मोब.नं......................................................

ई-मेल आई डी............................................

प्रोजेक्ट वर्क प्रस्ताव जमा करने की तिथि...................

अध्ययन केंद्र...............................................

क्षेत्रीय केंद्र.................................................

शैक्षणिक परामर्शदाता का नाम.........................................

शैक्षणिक परामर्शदाता का हस्ताक्षर....................................

दिनांक.......................................................................

**(संलग्नक संख्या-3)**

# Declaration

I here declare that this project work titled ............................................................................
.............................................................................................................................
.............................................................................................................................
(write the title in Block Letters) submitted by me for the M.S.W-09 course in M.S.W (IInd year) programme of Vardhman Mahaveer Open University,Kota , is my own original work and has not submitted earlier to any other institute/college/university for the fulfilment of the requirement for any other programme of study. I also declare that no chapter/part of this manuscript in whole or in part is lifted and incorporated in this report from any earlier work done by me or others.

Date :...............
Place:..............

Signature of the Student...................................................
Scholar No. of the Student...............................................
Name of Student.............................................................
Address of the Student....................................................
..........................................................................................
Mob. No. of the Student..................................................
E-mail ID.........................................................................